शनिवार
10 सितम्बर 2022




पृष्ठ 4

पढ़ने से बेहतर होता है मानसिक स्वास्थ्य



पृष्ठ 5

बायोपिक फिल्म में नजर आ सकती हैं सुष्मिता सेन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 213
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

हजार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।

–गौतम बुद्ध

## जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार जिले के पथरी थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि दो लोगों की रात में ही मौत हो गई थी जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ा है। घटना से पुलिस प्रशासन व आबकारी महकमे में हड़कंप मच गया है और आनन-फानन में पुलिस बल के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर भी पहुंच चुके है। चर्चा है कि कुछ अन्य लोगों की भी जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। वहीं मामले में जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा चार लोगों की मौत की पुष्टि की गयी है।

बता दें कि कुछ वर्ष पहले भी हरिद्वार में जहरीली शराब पीने से कुछ लोगों की मौत का मामला सुर्खियों में रहा है। जानकारों की माने तो हरिद्वार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते इन दिनों कुछ लोगों द्वारा वोट की गणित गड़बड़ाने हेतू अवैध रूप से गांव क्षेत्रों में लाई गयी शराब बांटी जा रही है। सूंत्रो का दावा है कि कल देर रात लक्सर सर्कल के फूलपुर गांव में इसी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते शराब बांटी गयी थी। जिसे पीकर दो लोगों की देर रात ही मौत हो गयी थी। जबकि दो अन्य लोगों की अस्पताल ले जाते हुए मौत हुई है। वहीं लक्सर सर्कल के फूलपुर गांव में हुई जहरीली शराब से 4 लोगों की मौत के मामले में आबकारी महकमा खासा अलर्ट नजर आ रहा है घटना का संज्ञान लेते हुए अवकाश के दिन भी आबकारी मुख्यालय खुलवाया गया है लक्सर सर्कल के समस्त स्टाफ को निलंबित करते हुए आबकारी मुख्यालय अटैच करने की तैयारी है।

वहीं मामले में जिलाधिकारी हरिद्वार विनय शंकर पांडे का कहना है कि कुल चार लोगों की मौत हुई है। जिनमें से एक व्यक्ति ने दो दिनों से कोई शराब नहीं पी जबकि एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला थाने में दर्ज है। वहीं दो लोगों की मौत जो अभी तक जानकारी मिल रही है शराब की ओवरडोज से हुई है। उनका कहना है कि यदि नकली शराब या मिलावटी शराब क्षेत्र में आयी होती तो अस्पताल में भर्ती होने वालो की संख्या कई गुना होती। उन्होने कहा कि मामले की जांच करायी जा रही है।

## चुनावी दौर में जहरीली शराब कहां से आई

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। लक्सर के पथरी थाना क्षेत्र में जहरीली शराब से 4 लोगों की मौत की खबर ने पुलिस और आबकारी विभाग को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिले में पंचायती चुनाव के दौरान जहरीली शराब से अगर लोगों की मौत हुई है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि यह जहरीली शराब आई कहां से? और आबकारी विभाग तथा पुलिस अवैध शराब की तस्करी को क्यों नहीं रोक पा रही है?

चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए शराब बांटे जाने का चलन कोई नया नहीं है। लेकिन इस शराब से अगर मौतें होती है तो कई सवाल खड़े हो जाते हैं। डीजीपी द्वारा अब इस मामले का संज्ञान लेते हुए पथरी थानाध्यक्ष को सस्पेंड करने के आदेश दे दिए गए हैं वहीं जिला आबकारी अधिकारी को भी सस्पेंड कर दिया गया है। आबकारी विभाग व पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी को रोके।



### ❑थानाध्यक्ष और जिला आबकारी अधिकारी पर गिरी गाज

चार लोगों की मौत से क्षेत्र वासियों में भारी आक्रोश है। लोग पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराज हैं वहीं पुलिस अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि मृतकों को शराब किसने उपलब्ध कराई और यह शराब कहां से लाई गई थी। पुलिस का कहना है कि मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद ही यह पता चलेगा कि इन लोगों की मौत किस कारण से हुई है। लेकिन चुनावी दौर में एक गांव के चार लोगों की मौत के इस मामले को लेकर क्षेत्र में भारी तनाव बना हुआ है और लोगों में भारी नाराजगी है।

## राहुल गांधी के विवादित पादरी जॉर्ज पोन्नैया से मुलाकात पर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला

नई दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने कन्याकुमारी में विवादित कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया से मुलाकात की । इस मुलाकात का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें अपने भड़काऊ बयानों के लिए जाने जाने वाले पादरी पोन्नैया राहुल गांधी को समझाते नजर आते हैं कि केवल जीसस क्राइस्ट यानी यीशु मसीह ही एकमात्र वास्तविक भगवान हैं, कोई शक्ति देवी या देवता भगवान नहीं हैं।




राहुल गांधी की पादरी के साथ मुलाकात और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान वाले वीडियो क्लिप को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। कई भाजपा नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया है। वायरल वीडियो में विवादास्पद पादरी जॉर्ज पोन्नैया राहुल गांधी के सामने जीसस क्राइस्ट को असली भगवान बता रहे हैं और हिन्दू देवी-देवताओं को असली गॉड मानने से इनकार करते दिखते हैं। दरअसल, राहुल गांधी पूछते हैं कि क्या जीसस क्राइस्ट भगवान का रूप हैं? क्या यह सही है? इस पर पादरी जॉर्ज पोन्नैया इस वीडियो में राहुल गांधी को समझाते हैं कि जीसस क्राइस्ट ही असली भगवान हैं, शक्ति या बाकी देवता नहीं हैं।

## देश में 24 घंटे में कोविड के 5,554 नए केस आए सामने

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,554 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 4,44,90,283 हो गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 48,850 रह गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह जारी आंकड़े के मुताबिक बीते 24 घंटे में देश में कोरोना संक्रमण के 5,554 नए केस सामने आए हैं जबकि 31 लोगों की मौत हुई है। इस दौरान 6,322 लोग कोरोना वायरस को मात देने में कामयाब रहे। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या घटकर 48 हजार 850 रह गई है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस की संख्या में 786 की



गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही प्रतिदिन की पॉजिटिविटी रेट 1.47 फीसदी हो गई है।

इसके साथ ही देश में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4 करोड़ 44 लाख 90 हजार 283 हो गई है। जबकि ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर कुल 4 करोड़ 39 लाख 13 हजार 294 पहुंच गई है। वहीं देश में अब तक कुल 5 लाख 28 हजार 139 लोग कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से दम तोड़ चुके हैं।

सरकार कोरोना वायरस पर काबू पाने के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दे रही है। अब तक वैक्सीनेशन का आंकड़ा 214 करोड़ 77 लाख 55 हजार 21 हो गया पहुंच गया है। वहीं पिछले 24 घंटे में 21 लाख 63 हजार 811 लोगों को कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोविड से पीड़ित होकर ठीक होने वालों की दर बढ़कर 98.70 प्रतिशत हो गई है।

मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 786 की कमी आई है। दैनिक संक्रमण दर 1.47 प्रतिशत दर्ज की गई और साप्ताहिक दर 1.80 प्रतिशत रही। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 4,39,13,294 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। महामारी से होने वाली मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भर्ती घोटालों में उलझी भाजपा

उत्तराखंड के भर्ती घोटालों से सूबे की राजनीति में जो भूचाल आया है वह सहज शांत होने वाला नहीं है चाहे सरकार अब इन्हें लेकर जितने सख्त फैसले ले ले, सवाल समाप्त नहीं हो सकते हैं। सही मायने में सवाल खत्म होने भी नहीं चाहिए क्योंकि यह कोई मामूली मुद्दा नहीं है। राज्य के युवा बेरोजगारों के साथ शासन-प्रशासन ने बीते दो दशकों में इतना बड़ा धोखा किया है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। राज्य के युवा ही नहीं बल्कि आम जनता भी नेता और अधिकारियों को पानी पी-पी कर कोस रहे हैं कि क्या इसलिए अलग राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी। मुख्यमंत्री धामी और उनकी सरकार ने कल इस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए यूकेएसएसएससी के भर्ती अधिकार सीज कर दिए गए हैं यह आयोग अब कोई भी भर्ती परीक्षा नहीं करवाएगा साथ ही आयोग द्वारा कराई गई उन पांच भर्ती परीक्षाओं को भी रद्द कर दिया गया है जिनके लिए लिखित परीक्षाएं हो चुकी थी। यह परीक्षाएं अब लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जाएंगी वहीं अन्य तमाम भर्तियां जो 7000 से अधिक हैं वह भी लोक सेवा आयोग ही कराएगा। भले ही सरकार द्वारा उठाया गया यह एक बड़ा कदम है लेकिन सवाल यह है कि यूकेएसएसएससी द्वारा इससे पूर्व कराई गई उन परीक्षाओं और धांधली से नौकरी पाने वालों का क्या होगा? और क्या होगा उन अधिकारियों व दलालों का जिनके कारण यह सब हुआ? इन भर्ती घोटालों के कारण अगर सबसे ज्यादा नुकसान किसी को हुआ है तो वह युवा ही है जिन्होंने मेहनत भी की और परेशानियां भी उठाई लेकिन उन्हें मिला कुछ नहीं। नौकरी के इंतजार में जो अपनी आयु सीमा पार कर चुके हैं उनके नुकसान की भरपाई भला कोई सरकार कैसे कर सकती है। धामी सरकार और भाजपा के पास आज युवाओं के किसी भी सवाल का जवाब नहीं है क्योंकि बीते 6 साल से वही सत्ता में हैं और इन 6 सालों में भाजपा के नेताओं ने भी इस भ्रष्टाचार की बहती गंगा में गोते लगाए, दर्जनों नेताओं ने अपने सगे संबंधियों को सरकारी नौकरियां दी या दिलवाई है उनके द्वारा जो गुनाह किए गए हैं उस पर वह किसी बात से या फिर दोज़ियों पर कार्रवाई से अथवा भविष्य में ऐसा न होने देने का भरोसा दिलाकर लीपापोती नहीं कर पाएंगे। भर्ती घोटालों का कोई प्रायश्चित नहीं हो सकता है। पाप के इस दाग को किसी भी डिटर्जेंट पाउडर से साफ नहीं किया जा सकता है। इन घोटालों में जिन लोगों की भी संलिप्तता रही है पार्टी जब तक उन्हें निकाल कर बाहर नहीं करेगी भाजपा की मुश्किलें समाप्त नहीं हो सकती है। भले ही इनकी संख्या कितनी भी ज्यादा सही और इनमें कई बड़े नेताओं के नाम हो लेकिन इनकी सीबीआई जांच और उनके खिलाफ अनुशासन का हंटर चलाये बिना भाजपा की कोई बात नहीं बनेगी। देखना यह है कि भाजपा और धामी सरकार इतना साहस दिखाने में कितना समय लगाते हैं।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश तीन गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। दुपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चुरायी गयी पांच बाइक भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीती रात थाना काशीपुर पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला रखा था। इस दौरान पुलिस को हरियावाला चौराहे के समीप मण्डी चौकी की तरफ से आ रहे बाइक सवार तीन संदिग्ध लोग दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम अरुण कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी मुरादाबाद, योगराज पुत्र हरिकेश सिंह निवासी उधमसिंहनगर व रवि कुमार पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी बिजनौर बताया। बाइक के बारे में पूछने पर उन्होने उक्त बाइक को चोरी का होना स्वीकार किया।



बताया कि यह बाइक हमने कुछ दिन पहले ही केवीआर अस्पताल से चोरी की थी। पकड़े गये आरोपियों से जब सख्ती से पूछताछ की गयी तो उन्होने चार अन्य मोटरसाईकलों को चोरी किये जाने की बात कहीं। कहा कि यह चारो बाइक हमारे द्वारा ठाकुरद्वारा रोड में नैनी फैक्ट्री के पीछे तुमडिया नदी के पास झाडियो में छुपा रखी है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने चुरायी गयी सभी अन्य चार बाइक बरामद कर ली है। बहरहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करने के दौरान ना करें ये गलतियां, आंखों को होता है नुकसान



आज के इस समय में हर कोई तकनिकी का इस्तेमाल करते हुए खुद को अपडेट रखना चाहता हैं। ऐसे में देखने को मिलता हैं कि लोग अपनी आंखों के लिए चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करने लगे हैं। खासतौर से महिलाएं चश्मा लगाने से कतराती हैं क्योंकि वे अपनी पर्सनैलिटी को बेहतर दिखाने की कोशिश में लगी रहती हैं। लेकिन कई बार महिलाएं कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करने के दौरान कुछ गलतियां कर बैठती हैं जिसकी वजह से आंखों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ बातें बताने जा रहे हैं जिन्हें कॉन्टेक्ट लेंस लगाते समय ध्यान में रखा जाना चाहिए। आइये जानते हैं इनके बारे में...

लगाने से पहले हाथों को धोएं

कई बार महिलाएं इतनी जल्दी में होती हैं कि हाथों को बिना धोएं आंखों में लेंस लगा लेती हैं। इससे आपकी आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। जी हां हाथों से आंखों में बैक्टीरिया और कीटाणु बहुत आसानी से चले जाते हैं। इसलिए जब भी लेंस लगाएं उससे पहले अपने हाथों को जरुर धो लें। ज्यादा तेल वाले साबुन का इस्तेमाल ना करें और एक बार हाथ धोने के बाद टॉवल की हेल्प से हाथों को जरुर ड्राई कर लें। हाथों को पोंछने के लिए रोंए वाले टॉवल का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। क्योंकि सूक्ष्म रोंए आंखों में जाकर आपके लिए बड़ी समस्या पैदा कर सकता है।

पाउडर और आईशैडो का नहीं करें उपयोग

एक बार अगर आपने कांटेक्ट लेंस लगा लिया है। तो इसके बाद आप पाउडर और आईशैडो का उपयोग नहीं करें तो बहुत अच्छा है। क्योंकि कई बार पाउडर आंखों के अंदर जाने से आंखों में खुजली और जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में आपको पाउडर और आईशैडो दोनों के उपयोग से बचना चाहिए। दरअसल आईबॉल के पास ऑयल ग्लैंड होता है। अगर इस जगह पर मेकअप अप्लाई किया तो लेंस जल्दी गंदा हो सकता है और आंखें ड्राइ हो सकती है। इसलिए आंखों से किनार में मेकअप लगाने से परहेज करें।

ऐसे समय में लेंस पहनने से बचें

स्वीमिंग करते समय, बाइक चलाते समय, तेज आंधी के वक्त कांटेक्ट लेंस का उपयोग नहीं करना चाहिए। दरअसल बाइक पर या तेज आंधी में आंखों में धूल जाती है, जिससे लेंस में स्क्रेच आ सकते हैं और इनके खराब होने डर तो रहता ही है साथ ही इंफेक्शन का डर भी बना रहता है।

लेंस लगाकर सोने से बचें

कॉन्टेक्ट लेंस लगाने से पर्यावरण में ड्राईनेस और आंखों तक कम ऑक्सीजन पहुंचने की वजह से आंखों में इंफेक्शन होने का ज्यादा खतरा होता है। जब आप सोती हैं तो आंखें बंद होती हैं जिससे लेंस से बैक्टीरिया आंखों में आ जाते हैं और जलन होने लगती है। इसलिए सोते समय अपनी आंखों से लेंस लगाकर ही सोएं।

लेंस बॉक्स को साफ करना ना भूलें

लेंस के साथ उसे रखने वाले बॉक्स का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिए। जब भी लेंस का इस्तेमाल करें उसके बाद सॉल्यूशन को बदलकर बॉक्स को अच्छे से सुखा लें। इसके लिए सबसे अच्छा होगा कि आप लेंस रखने वाले बॉक्स को 3 महीने बाद बदल लें। और हर बार लेंस को स्टोर करते समय बॉक्स में नए सॉल्यूशन का इस्तेमाल करें। कॉस्मेटिक लोशन, क्रीम या स्प्रे के संपर्क में न आने दें। लेंस को साफ करने के बाद गीला न रखें, क्योंकि नमी में सूक्ष्मजीवों के पनपने का खतरा रहता है।

आंखों को नहीं मसले

कांटेक्ट लेंस लगाने के बाद अगर आप आंखों पर और कुछ लगाते हैं। तो इससे कई बार खुजली चलने की संभावना बढ़ जाती है। खुजली करने से आपकी आंखों में लगा लेंस खराब होने और आंखों में इंफेक्शन का भय हो जाता है। इसलिए कोशिश करें कि एक बार कांटेक्ट लेंस लग जाए तो उसके बाद आंखों में कुछ नहीं लगाएं।

तय समय पर बदलें लेंस

जब तक लेंस लगाने की सलाह दी गई है, उसे तब तक ही लगाएं। तय समय के बाद तक इसे उपयोग करने पर आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। लेंस केस को भी तीन महीने बाद बदल देना चाहिए। इसे हर दिन साफ करें और अच्छे से इसके लिक्विड में ही इसे रखें।

लेंस से आंखों में ड्राईनेस

प्लास्टिक होने के कारण आंखों को डायरेक्ट लुब्रिकेट नहीं मिल पाता है। ऐसे में लंबे समय तक कॉन्टेक्ट लैंस लगाने से ड्राइनेस की समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए बाहर निकलते समय धूप का चश्मा लगाएं, लंबे समय तक कॉन्टेक्ट लेंस न लगाएं, पंखे की डायरेक्ट हवा ना लगे, आंखों में जलन होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। बेहतर साफ-सफाई रखनी चाहिए और इस लेंस को एक महीने के बाद फेंक देना चाहिए।

अयुक्त सप्त हरितः सधस्थाद्या ई वहन्ति सूर्यं घृताचीः।
धामानि मित्रावरुणा युवाकुः सं यो यूथेव जनिमानि चष्टे।।
(ऋग्वेद ७-६०-३)

सूर्य अपनी सात प्रकार की किरणों के घोड़ों के रथ पर सवार होकर संसार को ऊर्जा प्रदान करता है। उसी प्रकार प्राण- उदान शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

The sun, riding on a chariot of its seven types of rays, provides energy to the world. Similarly, Prana-Udana provides energy to the body.
(Rig Veda 7-60-3)

# नेताओं व अधिकारियों की हो सीबीआई जांचःकिमोठी




संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड रक्षा अभियान के संयोजक हरिकिशन किमोठी ने कहा कि प्रदेश के नेताओं व जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों की सीबीआई जांच करायी जाये। आज यहां परेड ग्राउण्ड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए किमोठी ने कहा कि राज्य बनने के बाद से अब तक नेताओं ने दोनों हाथों से प्रदेश को लूटा है और नौजवानों को चौराहे पर खडा कर दिया है। आज उत्तराखण्ड हर विभाग के साथ ही सचिवालय व विधानसभा भ्रष्टाचार का अडडा बन गये हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में सहकारी बैंक, दून विश्वविद्यालय, गढवाला-कुमाऊं मण्डल विकास निगम, एम्स ऋषिकेश में सरेआम नौकरियों भाई भतीजावाद, परिवारवाद यहां तक की नौकरियां बेची गयी है जिसकी सच्चाई सामने आ गयी है। उन्होंने मांग की है कि सभी नेताओं की पूर्व वर्तमान मंत्रियों, जिम्मेदार पदो पर बैठे अधिकारियों की एक साथ सीबीआई जांच करायी जाये। जिसके बाद इनके द्वारा कमाई गयी अकूत सम्पत्ति को जब्त की जाये।

# 19 पेटी शराब बरामद, चालक फरार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। तस्करी कर कार में लाई जा रही 19 पेटी देशी शराब को पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालांकि इस दौरान कार चालक फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश की जा रही है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना लमगड़ा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध शराब डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को पौधार मेरधुरा के समीप एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार छोड़कर भाग निकला। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार में रखी 19 पेटी देशी शराब बरामद की। इस पर पुलिस कार को थाने ले आयी। जांच के दौरान सामने आया कि फरार हुए उक्त कार चालक का नाम मनोज कुमार निवासी ढौरा है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने बिन्दाल पुल के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 96 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्की मौर्य पुत्र बाबूराम निवासी चुक्खुवाला बताया।

## एक्टिवा चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मन्दिर के बाहर से एक्टिवा चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्द्रापुरी फार्म निवासी कीर्ति राणा ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पिपलेश्वर मन्दिर गया था तथा उसने अपनी एक्टिवा मन्दिर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी।

## गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने एक किलो गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना पुलिस ने आडवाणी पुल के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अविनाश कुमार पुत्र गणेश साहनी निवासी ब्रहमपुरी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## नाबालिग से छेडछाड में ट्यूशन टीचर नामजद

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौलागढ निवासी व्यक्ति ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी नेशविला रोड निवासी संजय कण्डारी से ट्यूशन पढने आती है। उसने बताया कि गत दिवस संजय कण्डारी ने उसकी बेटी से छेडछाड करते हुए उसको गलत तरीके से छूआ तथा उसका चुम्बन ले लिया। जिससे घबराकर उसकी बेटी वहां से भागकर घर आयी और अपनी मां से सारी घटना बतायी। पुलिस ने ट्यूशन टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

नगर संवाददाता



नैनीताल। हल्द्वानी के तिकोनिया स्थित पंत पार्क में आज भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 135वी जयंती को मनाया गया, गोविंद बल्लभ पंत समिति द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया, जिसमें हल्द्वानी मेयर जोगेंद्र रौतेला, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, एसडीएम हल्द्वानी मनीष कुमार सिंह, कार्यक्रम की संयोजक रेनू जोशी, गोपाल रावत, दीपक बल्यूटिया समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान पार्क में स्थित गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया और उनके फोटो पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इस दौरान हल्द्वानी मेयर जोगेंद्र रौतेला, विधायक सुमित हृदयेश, कार्यक्रम के संयोजक रेनू जोशी और एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही, उन्होंने सामाजिक समरसता को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है, हम सभी को उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है, तभी जाकर एक मजबूत भारत का निर्माण हो सकेगा।

## रोशनदान तोडकर लाखों की चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का रोशनदान तोडकर वहां से लाखों रूपये का सामान व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


प्राप्त जानकारी के अनुसार नकरौदा निवासी कालिका प्रसाद खन्ना ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह घर आया तो उसने देखा कि उसके मकान का रोशनदान टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से 70 हजार रूपये नगद, दो कैमरे व एक घडी चोरी करके ले गये हैं। चोरी गये सामान की कीमत 85 हजार रूपये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पंतजलि योग आश्रम में बुकिंग के नाम पर हजारों की ठगी

संवाददाता

देहरादून। पंतजलि योग आश्रम में बुकिंग के नाम पर 35 हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भगत सिंह मार्ग सुभाष नगर निवासी एमएल बर्तवाल ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गूगल पे पर दर्शाये गये पंतजलि योग आश्रम में बुकिंग के लिए दिये गये नम्बर पर सम्पर्क किया तो उन्होंने उसको एक लिंक भेजा उसने जैसे ही उस लिंक पर क्लीक किया तो उसके खाते से 35 हजार रूपये निकल गये। उसके बाद उसने उक्त नम्बर पर सम्पर्क किया तो वह बंद मिला। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# भारत में बढ़ता भ्रष्टाचार

अजय दीक्षित

भ्रष्टाचार और घपले-घोटालों के मद्देनजर देश के कई हिस्सों में जो छापेमारी जारी है, क्या वे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग की प्रस्तावना हैं ? क्या हमारी जांच एजेन्सियां पूरी तरह स्वायत्त हैं और उन्हें कोई भी %राजनीतिक निर्देश% नहीं दिये जाते ? यदि स्वायत्त हैं, तो आपराधिक और गम्भीर मामले 1०-15 सालों तक क्यों लटकते रहते हैं ? कभी तो कोई ठोस कारण देश के सामने पेश किया जाये । सभी कार्रवाइयां अंधेरी गुफाओं में की जाती रही हैं। विभिन्न मामलों के सन्दर्भ में एजेंसियां और अदृश्य रूप से सत्ताएं %प्रतिशोधी% क्यों लगती हैं या विपक्ष के ऐसे आरोप पुख्ता लगते हैं ? उदाहरण के तौर पर लें लालू प्रसाद यादव कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार-1 में रेल मंत्री थे। उन्होंने बिहार से 12 आवेदकों को रेलवे के 6 जोन में ग्रुप-डी की अस्थायी नौकरी मुहैया कराई । कोई विज्ञापन नहीं छपा और न ही कोई परीक्षा ली गई। सीधी नियुक्ति कर दी गई। बाद में वे स्थायी कर्मचारी भी बना दिए गए।

तत्कालीन रेल मंत्री पर गंभीर आरोप थे कि उन्होंने नौकरी देने के बदले जमीनें औने-पौने दाम पर खरीदीं। ऐसी विवादास्पद जमीनें लालू की पत्नी राबड़ी देवी, उनकी बेटियों-मीसा भारती और हेमा यादव के नाम पंजीकृत हैं। 2००8-०9 का यह केस 2०21 में सीबीआई ने प्राथमिक जांच के लिए दर्ज किया। कारण जो भी रहे हों, लेकिन यह केस आज तक किसी कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया है और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है। लालू यादव पहली बार किसी घोटाले में 1997 में जेल गए थे। तब केंद्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार थी। प्रधानमंत्री देवगौड़ा रहे अथवा इंद्रकुमार गुजराल रहे हों, लेकिन मोर्चे का हिस्सा होने के बावजूद लालू को जेल जाना पड़ा। उसके बाद चारा घोटाले में अदालत ने लालू को सजायाफ्ता करार दिया। वह जेल जाते रहे, अस्पतालों में रहे और जमानत पर बाहर भी आते। रहे। सवाल यह है कि आपराधिक या घोटालों के केस इतने लंबे क्यों खींचे जाते हैं और उन पर सियासी दखल साफ क्यों दिखाई देता है? अब खबरें आ रही हैं कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर 1०० करोड़ रुपए के अवैध खनन घपले की तलवार लटक रही है।

दिल्ली सरकार में शराब नीति के तहत घोटाले में सीबीआई उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास और अन्य बीसियों ठिकानों पर छापे मार चुकी है। दिल्ली के ही स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ईडी के मामलों में मई माह से जेल में बंद हैं। बंगाल सरकार में वरिष्ठ मंत्री रहे पार्थ चटर्जी के सन्दर्भ में नकदी के पहाड़ और सोना आदि बरामद किये गये सीबीआई और ईडी दोनों ही अलग-अलग ढंग से जांच कर रहे हैं। क्या यह मामला किसी निष्कर्ष तक पहुंचेगा अथवा वक्त के साथ, साथ लटक कर भुला दिया जायेगा ? बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर आरोप हैं कि यह 53 संपत्तियों के मालिक है। जिस शख्स ने कॉरपोरेट में लाखों रुपये की नौकरी नहीं की और न ही कोई औद्योगिक विरासत उनके नाम दर्ज है, लिहाजा ऐसी धन-संपदा पर सवाल स्वाभाविक हैं । कमोवेश यह सामान्य मामला नहीं है। जांच एजेन्सियां भ्रष्टाचार के आधे-अधूरे लटकते सत्यों को अंतिम यथार्थ तक कब पहुंचायेंगी ? भ्रष्टाचार के मामलों और करोड़ों नकदी की बरामदगी में आईएएस और आईपीएस जैसे शीर्ष अधिकारी भी जेलों में कैद हैं । एक दौर था कि कुछ भाजपा नेताओं के खिलाफ मोटे-मोटे घोटाले सुर्खियों में थे तब ये नेता कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी दल में थे। उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी अचानक खामोश और निष्क्रिय क्यों हैं ? देश अब यह स्पष्टीकरण भी चाहता है।

विपक्ष का यह गम्भीर आरोप रहता है, लिहाजा सरकार और एजेन्सियां उन्हें नजर अंदाज नहीं कर सकतीं । बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पर, लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, परिवारवाद, वंशवाद के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ने के लिए देश का समर्थन, सहयोग मांगा था। क्या उस संबोधन के गम्भीर मायने हैं ? प्रधानमंत्री इन प्रमुख जांच एजेन्सियों के बिना भी यह जंग नहीं जीत सकते, लिहाजा स्पष्ट किया आए कि प्रधानमंत्री का दखल कितना रहता है या रहेगा ? भ्रष्टाचार और घोटालों पर सार्थक परिणति इसलिए भी अपेक्षित है, क्योंकि अंततः आम करदाता का पैसा ही हजम किया जा रहा है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार ने अपने विरोधियों को मजा चखाने के लिए ईडी सीबीआई तथा आयकर विभाग को आगे कर दिया है । सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लग रहे हैं । आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल तथा अन्य पार्टियां ऐसे आरोप लगाने वाली नई पार्टियां हैं, जबकि कांग्रेस काफी समय से इस तरह के आरोप लगा रही है। ही सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, जनता इसका जवाब चाहती है । सरकार को इस सम्बन्ध में जनता को करना चाहिए कि वह सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग नहीं होने देगी। वैसे कांग्रेस जब सता में भी तब भाजपा भी इसी तरह के आरोप लगाती थी ।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# पढ़ने से बेहतर होता है मानसिक स्वास्थ्य



साल 2००9 में माइंडलैब इंटरनेशनल द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया था कि पढ़ने से प्रतिभागियों में तनाव लगभग 7० प्रतिशत कम होता है और यह एक कप चाय पीने या संगीत सुनने जैसी चीजों की तुलना में अधिक प्रभावी है।

अध्ययन के अनुसार, पढ़ने से न सिर्फ एकाग्रता बढ़ती है बल्कि मानसिक समस्याओं से भी राहत मिलती है। आइए पढ़ने से मिलने वाले मानसिक स्वास्थ्य लाभों को जानते हैं।

तनाव से मिलेगी राहत

आजकल हर कोई तनाव में ही अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। काम का बहुत अधिक दबाव या काम में असफलता, मॉडर्न गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल और गलत दिनचर्या आदि कई कारण हैं, जो व्यक्ति को तनाव से घेर सकते हैं। खैर, अगर आप इन कारणों को खुद पर हावी नहीं होना देना चाहते और तनाव से दूरी बनाए रखनी है तो रोजाना कुछ मिनट अपने पसंदीदा विषयों की किताब पढ़ना शुरू कर दें।

एकाग्रता बढ़ाने में मिलेगी मदद

यदि आपको लगता है कि आप किसी भी कार्य में ठीक से ध्यान नहीं लगा पाते हैं तो समझ जाइए कि आपकी एकाग्रता कमजोर हो गई है। इससे निपटने के लिए रोजाना कुछ मिनट किसी शांत जगह पर बैठकर कोई भी किताब पढ़ना शुरू कर दें। ऐसा करने से आपकी एकाग्रता क्षमता बढ़ेगी और आप अपने हर काम को पूरे फोकस के साथ बेहतर तरीके से कर पाएंगे, क्योंकि पढ़ाई सभी तनावों को खत्म करने में कारगर है।

अनिद्रा की समस्या दूर होगी

नींद हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। चैन की नींद सोने से शरीर तरोताजा महसूस करता है और इससे कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। हालांकि, अगर किसी भी कारण से आपका स्लीप साइकिल बिगड़ गया है तो रोजाना सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप जैसे उपकरणों का इस्तेमाल करने की बजाय किताब पढ़ना शुरू कर दें। रोजाना सोने से पहले किताब पढ़ने से आपकी नींद में धीरे-धीरे सुधार होने लगेगा।

संज्ञात्मक क्षमता को मजबूत करने में है कारगर

आधुनिकता की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे कई कारण हैं, जो मनुष्य की संज्ञात्मक क्षमता प्रभावित कर सकते हैं । एसे में अगर आप रोजाना कुछ मिनट किताब पढ़ना शुरू कर देते हैं तो यह आपकी संज्ञानात्मक क्षमता को मजबूत करने में भी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, किताब जैसी चीजें पढ़ना सहानुभूति विकास से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए रोजाना कुछ मिनट किताब, नॉवल आदि चीजें पढ़ना शुरू कर दें।

# पॉलीथीन लपेट कर निक्की तंबोली ने दिखाया फैशन का जलवा

बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने बोल्ड अंदाज से फैंस को घायल कर देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा इस कदर बिखेरती हैं कि उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर ढाहती हैं। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिसमें वो पॉलीथिन जैसी साड़ी और डीपनेक स्टाइल ब्लाउज पहने नजर आ रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं।

साउथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वहीं, उनकी दिलकश अदाएं फैंस को मदहोश कर देती हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने पॉलीथिन जैसी पीली साड़ी को बड़े कूल तरीके से बांधा है। साथ ही डीपनेक ब्लाउज को पहन रखा है। निक्की का ये आउटफिट उनकी खूबसूरती को चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस के फैशन सेंस की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली अक्सर अपने फोटोशूट से फैंस को इंप्रेस करती हुई नजर आती हैं। हालांकि इस बार भी उनकी तस्वीरों में कुछ ऐसा ही ग्लैमरस लुक देखने को मिला है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स को फ्लॉन्ट कर रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक और कॉमेंट्स की बारिश कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से एक बार फिर नजरे हटाना मुश्किल हो गया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट कर के लिखा- सेक्सी तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- स्टनिंग। फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं, और एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक और कॉमेंट्स करते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -61

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# दिलकश अंदाज दिखाकर जान्हवी कपूर ने चलाए नैनों से बाण, फैंस हुए घायल

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपने लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फैंसी कट ब्लाउज और कूल स्टाइल में बंधी साड़ी को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। फैंस जान्हवी कपूर की खूबसूरती की काफी तारीफ कर रहे हैं। जान्हवी कपूर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए हुए हैं। जान्हवी कपूर सफेद रंग की शिमर साड़ी में बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। वहीं, फैंस उनके इस लुक की काफी तारीफ कर रहे हैं। एक्ट्रेस के डीपनेक ब्लाउज ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए हैं। वहीं, जान्हवी का सेक्सी ब्लाउज और साड़ी बांधने का कूल अंदाज उनके स्टाइल को काफी बोल्ड बना रहा है। एक्ट्रेस की तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। लोग उनकी तारीफ में कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। न्यूड मेकअप और ग्लॉसी लिपस्टिक में जान्हवी कपूर गजब ढा रही हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कट ब्लाउज और सेक्सी साड़ी में काफी हॉट लग रही हैं। सेलिब्रिटी से लेकर फैंस तक उनकी तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। जान्हवी अपने बोल्ड और सादगी से भरे पोज सोशल मीडिया पर आए दिन शेयर करती रहती हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हैं। अगर जान्हवी की आगामी फिल्म की बात करें तो वो बहुत जल्द वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभी उनकी हाल ही में ओटीटी फिल्म गुडलक जेरी रिलीज हुई थी। जान्हवी कपूर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 18.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं। जान्हवी कपूर फिल्म निर्माता बॉनी कपूर और अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी हैं। वहीं, उन्होंने बहुत ही कम समय में फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाया है। (आरएनएस)

# पूजा पांडे 'सिया' में अपनी भूमिका के लिए यौन उत्पीड़न की पीड़ितों से मिलीं

नवोदित अभिनेत्री पूजा पांडे आगामी फिल्म 'सिया' में एक बलात्कार पीड़िता की एक चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी और इसे पूरी तरह से चित्रित करने के लिए वह शूटिंग से पहले यौन उत्पीड़न की पीड़ितों से मिली थीं। अपने अनुभव को साझा करते हुए, वह कहती हैं, उनकी पीड़ा, संघर्ष और यात्रा को समझने के लिए उनसे मिलना और उनके साथ घनिष्ठ संबंध बनाना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। उन्हें जानना मेरे लिए एक आंख खोलने वाला था और यह एक बहुत बड़ी सीख थी। मेरे लिए अनुभव। इसने मुझे अपने चरित्र को आकार देने और स्क्रीन पर अपनी भूमिका को अच्छी तरह से निभाने में बहुत मदद की है। पूजा आगे बताती हैं कि ये महिलाएं जीवन में बाधाओं का सामना करने के लिए साहसी और मजबूत हैं और उनकी कहानी को सबके सामने आने की जरूरत है। मनीष मुंद्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिया' में विनीत कुमार सिंह और नवोदित पूजा पांडे मुख्य भूमिका में हैं। यह उस लड़की की कहानी है, जिसका यौन उत्पीड़न किया गया है और उसे अपने जीवन में क्या झेलना पड़ा है और न्याय के लिए कितना लड़ना पड़ा है।

# 'चांद बालिया' फेम आदित्य ए का नया गाना 'राइट वाली पायल' हुआ रिलीज

आदित्य ए. का गाना 'चांद बालियां' इंस्टाग्राम पर धूम मचा रहा है। गायक ने शुक्रवार को 'राइट वाली पायल' शीर्षक से एक और ट्रैक जारी किया। फील-गुड ट्रैक में गायक साईवरिया भी हैं। गीत काफी चंचल है और इसके बोल आकर्षक हैं। गीत पर टिप्पणी करते हुए, आदित्य ने एक बयान में कहा, 'चांद बालियां' मेरे लिए एक महत्वपूर्ण टर्निंग प्वाइंट रहा है। मैं दर्शकों को उनके प्यार और गीत की यात्रा में भागीदारी के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं नए ट्रैक 'राइट वाली पायल' के साथ वापसी कर रहा हूं। मैं इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं और आशा करता हूं कि वे इसका आनंद लेंगे। गीत को आदित्य ए. द्वारा लिखा और संगीतबद्ध किया गया है। वह म्यूजिक वीडियो में भी दिखाई देंगे, जो एक प्रेमी जोड़े के बारे में एक प्यारी कहानी जिसमें वो दोनों बहुत झगड़ते हैं को दिखाता है क्योंकि वे एक खोई हुई पायल की तलाश करते हैं।

# मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर चिकित्सक से 6 लाख ठगे

संवाददाता

देहरादून। डाक्टर से मेडिकल फिटनेस सेर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर छह लाख ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्नर रोड निवासी डा. रमन कपूर ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आयी तथा कॉल करने वाले ने उससे कहा कि उसने अपना मेडिकल फिटनेस सेर्टिफिकेट बनवाना है। जिसके बाद उसने उससे मोबाइल पे एप डाउनलोड कराया।

जैसे ही उसने मोबाइल पे एप डाउनलोड किया तो उसके खाते से पांच लाख 99 हजार 999 रूपये निकल गये। तब उसको पता चला कि उसके साथ धोखाध डी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बायोपिक फिल्म में नजर आ सकती हैं सुष्मिता सेन



सुष्मिता सेन को उनके करियर में बेशुमार शोहरत मिली है। ये अलग बात है कि हाल के दिनों में फिल्मों में उनकी सक्रियता कम हो गई। अब खबर सामने आ रही है कि सुष्मिता जल्द एक बायोपिक फिल्म में नजर आएंगी। लंबे समय बाद इस अभिनेत्री को बड़े पर्दे पर देखना दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

सेलिब्रिटी फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, सुष्मिता एक बायोपिक को लीड करती दिखेंगी। सुष्मिता इसमें एक अनेदेखा अवतार में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और मिनी फिल्म्स की मानसी बागला ने इस बड़े प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। यह मिनी फिल्म्स का सुबी सैमुअल के नए लॉन्च किए गए प्रोडक्शन हाउस बंगला नंबर 84 के साथ पहला प्रोजेक्ट होगा।

कुछ समय पहले ही सुष्मिता ने वेब सीरीज आर्या के जरिए अपनी धमाकेदार वापसी की थी। अब तक इस सीरीज के दो सीजन आ चुके हैं और दर्शकों को तीसरे सीजन का इंतजार है। इसका प्रसारण डिज्नी+ हॉटस्टार पर हुआ था। समीक्षकों से लेकर दर्शकों ने सुष्मिता को इस सीरीज में पसंद किया। इस सीरीज ने उन्हें फिर से लाइम लाइट में वापस ला दिया। इससे पहले वह 2015 में फिल्म निर्बाक में नजर आइ था।

फैंस को आश्चर्य तब हुआ, जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक और भगोड़े भारतीय व्यवसायी ललित मोदी ने सुष्मिता से अपने प्यार का खुल्लम-खुल्ला इजहार किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों को बताया था कि वह दिग्गज अभिनेत्री सुष्मिता को डेट कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह एक दिन सुष्मिता से शादी कर सकते हैं। ललित ने ट्विटर पर सुष्मिता के साथ अपनी कई तस्वीरें शेयर की थीं।

90 के दशक में सुष्मिता के अभिनय का जादू चलता था। उनका डब्यू फिल्म दस्तक को भले कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन उन्होंने अपनी हिम्मत नहीं हारी। सुष्मिता ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। उन्हें पहली सफलता फिल्म सिर्फ तुम के गाने दिलबर दिलबर.. से मिली, जिसमें उनकी अदाओं को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिलहाल, आंखें, समय, मैं हूं ना, बेवफा, मैंने प्यार क्यों किया और चिंगारी सुष्मिता की सफल फिल्मों में शामिल हैं।

18 साल की उम्र में सुष्मिता ने 1994 में मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था।

# मुझे ट्रोल करना बेकार: श्रद्धा दास

श्रद्धा दास ने तेलुगु एंकर और अभिनेत्री अनसूया भारद्वाज की उनके लुक्स की तारीफ करने के लिए उन्हें ट्रोल करने वालों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए उन्हें ट्रोल करना व्यर्थ है क्योंकि वह केवल उनके अकाउंट्स को ब्लॉक करेंगी और उनके ट्वीट्स को डिलीट करेंगी।

ट्रोलर्स को जवाब देते हुए, श्रद्धा ने ट्वीट किया, दोस्तों, आप अपना समय और ऊर्जा मुझे गाली देकर बर्बाद करेंगे, मैं केवल ब्लॉक और डिलीट करती हूं। अनसूया भारद्वाज की उनके लुक्स पर तारीफ करने के लिए मुझे ट्रोल करना बेमानी है! जल्दी ठीक हो जाओ!

अभिनेत्री अनसूया भारद्वाज के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए अभिनेत्री ट्रोल के निशाने पर आ गई है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें उम्र-शर्मनाक करने वालों को चेतावनी दी थी कि वह सबूत के तौर पर दिखाने के लिए हर गाली को रीट्वीट करेंगी कि एक महिला के साथ क्या होता है जो अपने सम्मान के लिए खड़ी होती है।

अनसूया भारद्वाज ने यह भी कहा था कि वह उन्हें गाली देने वाले और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने वाले हर अकाउंट का स्क्रीनशॉट लेंगी।

श्रद्धा ने अनसूया की तारीफ करते हुए कहा था, आप अपनी आधी उम्र की भी ज्यादातर महिलाओं से छोटी दिखती हैं, बेहद खूबसूरत मैं कहूंगी! और आप आपकी उम्र के दोगुना बड़े ज्यादातर अंकल्स से ज्यादा हॉट लगती हैं। फैन ऑफ यू।

अनसूया ने श्रद्धा को धन्यवाद दिया था और जवाब दिया था, इन शब्दों के साथ इतने दयालु और आदरणीय होने के लिए धन्यवाद। बहुत प्यार!

# एक प्रोजेक्ट में साथ दिखेंगे विक्की-कैटरीना

विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कभी भी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए हैं। इनकी शादी के बाद से ही प्रशंसकों को इन्हें पर्दे पर एकसाथ देखने का इंतजार है। पहले चर्चा थी दोनों कॉफी विद करण के नए सीजन में साथ आ सकते हैं। हालांकि, दर्शक यहां भी निराश हुए। अब खबर है कि दोनों आखिरकार एक प्रोजेक्ट में साथ काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों एक विज्ञापन में साथ नजर आने वाले हैं। दोनों ने 29 अगस्त को महबूब स्टूडियो में इस विज्ञापन की शूटिंग की है। विक्की और कैटरीना दोनों ही अपनी निजता का खास ध्यान रखते हैं। ऐसे में इस विज्ञापन की शूटिंग भी दोनों ने मीडिया से दूर रहकर ही की। दोनों किस उत्पाद के विज्ञापन में पर्दे पर साथ नजर आएंगे, फिलहाल यह भी उजागर नहीं किया गया है।

दोनों ने अपने रिलेशनशिप और शादी को भी इसी तरह पर्दे में रखा था। जब विक्की और कैटरीना की शादी की बात सामने आई तो प्रशंसक हैरान रह गए। विक्की एक अवॉर्ड शो के दौरान कैटरीना पर क्रश होने की बात कबूल चुके थे। वहीं एक चैट शो में कैटरीना ने भी कहा था कि वह विक्की के साथ काम करना पसंद करेंगी। विक्की और कैटरीना ने पिछले साल दिसंबर में राजस्थान के सवाई माधोपुर में शादी की थी।

विक्की निर्देशक शशांक खैतान की फिल्म गोविंदा नाम मेरा में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वह भारत के महान युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ के जीवन पर बनने वाली फिल्म सैम बहादुर और फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली का भी हिस्सा हैं। दूसरी तरफ कैटरीना फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगी। वह फिल्म फोन भूत में दिखेंगी। इसके अलावा फिल्म मैरी क्रिसमस की भी शूट कर रही हैं। जी ले जरा में भी वह अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा एक चर्चित एथनिकवेअर मान्यवर के विज्ञापन में साथ नजर आए थे। इस ऐड में दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया। करीना कपूर और सैफ अली खान भी एक फर्नीचर ब्रैंड पेपरफ्राई का विज्ञापन कर चुके हैं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय की जोड़ी किचेनवेअर ब्रैंड हॉकिंग के ऐड में नजर आ चुकी है। काजोल और अजय देवगन काफी समय तक होम अपलायंस वर्लपूल के प्रचार में नजर आते थे। (आरएनएस)

# वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व धूमधाम के साथ मनाया



संवाददाता

देहरादून। जैन धर्म के बारहवे तीर्थंकर श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व अनंत चतुर्दशी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।

आज प्रात: पूज्य क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के पावन सानिध्य मे श्री जी का अभिषेक एव शांतिधारा की गयी। इसके पश्चात भगवान् को 12 किलो का निर्वाण लड्डू एवं 1-1 किलो के लड्डू चढ़ाये गये। इसके बाद श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली गयी। शोभा यात्रा मे विशेष रूप से आये मेरठ के प्रसिद्ध शहनाई वादन, नकुर का सुप्रसिद्ध ढोल-ताशा, मीरापुर का प्रसिद्ध आरजू बैंड द्वारा बहुत सुन्दर भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुगण एव बाजार मे देखने वाले लोगो का खूब मन मोहा। जैन समाज के सभी लोग महिला पुरुष बच्चे शोभा यात्रा मे पूरे आनंद के साथ झूमते गाते रहे। श्री जी के रथ हेतु ख्वासी एवं सारथी बनने का सौभाग्य अमन जैन को एवं कुबेर बनने का सौभाग्य अर्जुन जैन को प्राप्त हुआ। माँ जिनवाणी को रथ पर लेकर बैठने का सौभाग्य पवन जैन एवं कुबेर बनने का सौभाग्य श्रीदेव जैन प्रिया जैन को मिला। यात्रा के पश्चात श्री जी की शांतिधारा एवं आरती करने का सौभाग्य सौरभ सागर सेवा समिति को मिला। पूज्य महाराज जी ने कहा कि जैन धर्म मे दसलक्षण पर्व का विशेष महत्व है। जैन भवन के मंत्री श्री संदीप जैन द्वारा बताया गया कि रविवार को क्षमावाणी पर्व जैन भवन मे पूज्य क्षुल्लकरत्न श्री समर्पण सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य मे मनाया जायेगा। सर्वप्रथम प्रात: जैन मंदिर मे भगवान की वृहद शांतिधारा की जाएगी जिसमे पूज्य महाराज जी द्वारा विशेष मंत्र बोले जाएंगे। इसके प्रात: 9 बजे से सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया जायेगा। संध्याकालीन कार्यक्रम मे साय साढे सात बजे से विख्यात कवि सौरभ जैन सुमन, अनामिका अम्बर टीम द्वारा कवि सम्मेलन जैन मंदिर माजरा मे आयोजित होगा। आज कार्यक्रम मे जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन, महामंत्री राजेश जैन, जैन भवन के प्रधान सुनील जैन, मंत्री संदीप जैन, उत्सव समिति संयोजक आशीष जैन, अर्जुन जैन,मधुसचिन जैन, अमित जैन, अजित जैन, सुधीर जैन, वर्णी विधालय के प्रधान सतीश जैन, प्रबंधक संजय जैन, महावीर पाठशाला के प्रधान विनय जैन, प्रबंधक श्रीमती ममलेश जैन, मनोहर लाल औषधालय के प्रधान संजय जैन , मंत्री पंकज जैन, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेश चंद जैन, सुखमाल चंद जैन, सचिन जैन, दीपक जैन, आयुष जैन, अरिहंत जैन, श्रीमती बीना जैन, पूर्णिमा जैन, सुनैना जैन, जुली जैन, मोनिका जैन, पूनम जैन, संगीता जैन, सरिता जैन, रानो जैन, अंजलि जैन, कविता जैन, आदि बड़ी संख्या मे लोग सम्मिलित हुए।

## जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी

देहरादून। जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तपोवन एन्क्लेव रायपुर निवासी रविन्द्र प्रसाद ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने कोलुपानी निवासी अनीश थापा व सुद्धोवाला निवासी राजेन्द्र सिंह से कोलुपानी में एक जमीन का सौदा किया था तथा उसने दोनों को पांच लाख रूपये पेशगी दे दिये थे। लेकिन उसके बाद इन लोगों ने उसके नाम जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवायी उसके बार-बार कहने पर यह लोग उसको टालते रहे। उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो उसके पैसे भी इन लोगों ने उसको वापस नहीं किये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# उत्तरकाशी में दो दिवसीय 'घाट पर हाट' कार्यक्रम का शुभारंभ



कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। राष्ट्रीय स्वच्छ गँगा मिशन जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आज मां गंगा के उदगम जिले उत्तरकाशी में दो दिवसीय 'घाट पर हाट' कार्यक्रम का शुभारंभ शहर में भारतीय सेना की बैंड धुन के साथ एनसीसी के छात्रों विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने गँगा स्वच्छता रैली निकाल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

घाट पर हाट थीम के साथ उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने सभी उपस्थित लोगों को गँगा शपथ दिलवाई। माँ गंगा के तट केदारघाट में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा पैंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश जी के देना होय खोली का गणेशा है गीत के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में खेल, जल क्रीड़ा, क्रिकेट मैच, गँगा गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गँगा आरती के साथ पहाड़ी संस्कृति और स्थानीय उत्पादों के 12 स्टॉल लगाए गए। घाट पर हाट कार्यक्रम के आयोजन में पहाड़ी संस्कृति और उत्पादों के लगाए गए स्टॉल।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिला गंगा समिति उत्तरकाशी और गँगा विचार मंच, स्वस्जल विभाग, जिला प्रशासन की ओर से गँगा के किनारे घाट पर हाट थींम के साथ कार्यक्रम हुआ।

आज के कार्यक्रम में नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सेमवाल, सभासद महावीर चौहान, गोविंद गुसाईं, पुष्पा चौहान, अजय पूरी, शांति ठाकुर, हरि सिंह राणा, शांतिप्रसाद थपलियाल, प्रताप बिष्ट, गजेंद्र बिष्ट, प्रेमसिंह पंवार, शांति रावत, गँगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट, जिला संयोजक जयप्रकाश भट्ट, पुलिश अधीक्षकअर्पण यदुवंशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी काला, स्वजल के अधिकारी प्रताप मटूड़ा, डी एफ ओ पुनीत तोमर, एस डी एम चतर सिंह चौहान सहित जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, आम जनता ने हिस्सा लिया।

## सू- दोकू क्र.61

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# गोर्बाच्येव थे रूसी महानायक

वेद प्रताप वैदिक

मिखाइल गोर्बाच्येव के निधन पर पश्चिमी दुनिया ने गहन शोक व्यक्त किया है। शोक तो व्लादिमीर पुतिन ने भी प्रकट किया है लेकिन रूस के इतिहास में जैसे व्लादिमीर इलिच लेनिन का नाम अमर है, वैसे ही गोर्बाच्येव का भी रहेगा। रूस के बाहर की दुनिया शायद लेनिन से ज्यादा गोर्बाच्येव को याद करेगी। यह ठीक है कि लेनिन के प्रशंसक और अनुयायी चीन से क्यूबा तक फैले हुए थे और माओ त्से तुंग से लेकर फिदेल कास्त्रो तक लेनिन की विरुदावलियां गाया करते थे लेकिन गोर्बाच्येव ने जो कर दिया, वह एक असंभव लगनेवाला कार्य था।

उन्होंने सोवियत संघ को कम्युनिस्ट पार्टी के शिकंजे से बाहर निकाल दिया, सारी दुनिया में फैले शीतयुद्ध को बिदा कर दिया, सोवियत संघ से 15 देशों को अलग करके आजादी दिलवा दी, दो टुकड़ों में बंटे जर्मनी को एक करवा दिया, वारसा पेक्ट को भंग करवा दिया, परमाणु-शस्त्रों पर नियंत्रण की कोशिश की और रूस के लिए लोकतंत्र के दरवाजे खोलने का भी प्रयत्न किया। यदि मुझे एक पंक्ति में गोर्बाच्येव के योगदान को वर्णित करना हो तो मैं कहूंगा कि उन्होंने 20 वीं सदी के महानायक होने का गौरव प्राप्त किया है।

बीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक विचारधारा और मानव मुक्ति का जितना असंभव कार्य गोर्बाच्येव ने कर दिखाया, उतना किसी भी नेता ने नहीं किया। लियोनिद ब्रेझनेव के जमाने में मैं सोवियत संघ में पीएच.डी. का अनुसंधान करता था। उस समय के कम्युनिस्ट शासन, बाद में गोर्बाच्येव-काल तथा उसके बाद भी मुझे रूस में रहने के कई मौके मिले हैं। मैंने तीनों तरह के रूसी हालात को नजदीक से देखा है। कार्ल मार्क्स के सपनों के समाजवादी समाज की अंदरुनी हालत देखकर मैं हतप्रभ रह जाता था।

मास्को और लेनिनग्राद में मुक्त-यौन संबंध, गुप्तचरों की जबर्दस्त निगरानी, रोजमर्रा की चीजों को खरीदने के लिए लगनेवाली लंबी कतारें और मेरे-जैसा युवा मेहमान शोध-छात्र के लिए सोने के पतरों से जड़ी कारें देखकर मैं सोचने लगता था कि हमारे श्रीपाद अमृत डांग क्या भारत में भी ऐसी ही व्यवस्था कायम करना चाहते हैं? गोर्बाच्येव ने लेनिन, स्तालिन, ख्रुश्चेव और ब्रेझनेव की बनाई हुई इस कृत्रिम व्यवस्था से रूस को मुक्ति दिला दी।

उन्होंने पूर्वी यूरोप के देशों को ही रूसी चंगुल से नहीं छुड़वाया बल्कि अफगानिस्तान को भी रूसी कब्जे से मुक्त करवाया। अपने पांच-छह साल (1985-1991) के नेतृत्व में उन्होंने 'ग्लासनोस्त' और 'पेरिस्त्रोइका' इन दो रूसी शब्दों को विश्व व्यापी बना दिया। उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिला लेकिन रूसी राजनीति में पिछले तीन दशक से वे हाशिए में ही चले गए।

## खुद को चुनौती देने से बहुत कुछ हासिल हो सकता है : वरलक्ष्मी सरथकुमार

चार महीने के कम समय में अतिरिक्त वजन घटा कर फिट हुई अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरथकुमार का कहना है कि खुद को चुनौती देने से बहुत कुछ हासिल हो सकता है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह दुबली और फिट नजर आ रही थीं।

उन्होंने लिखा, संघर्ष वास्तविक है .. चुनौती वास्तविक है .. लेकिन कुछ भी आपको वह हासिल करने से नहीं रोक सकता जो आप चाहते हैं।कोई भी आपको नहीं बता सकता कि आप कौन हैं या आपको क्या बनना है।

अपने आप को चुनौती दें। अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें और आप जो पाएंगे आप वो सोच भी नहीं सकते है।चार महीने की कड़ी मेहनत और इसके लिए मुझे यही दिखाना है। जो कुछ भी आपको खुश करता है वह करें।

दूसरों को खुश करने के लिए चीजें न करें। किसी को यह न बताएं कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। आत्मविश्वास है आपका एकमात्र हथियार !! खुद पर विश्वास करो।अभिनय के मोर्चे पर, वरलक्ष्मी यशोदा में दिखाई देंगी, जहां अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। फिल्म, जो एक साइंस फिक्शन थ्रिलर है, का निर्देशन हरि-हरीश ने किया है।

# सीएम धामी ने पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में महान स्वाध ीनता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व गृहमंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत रत्न से अलंकृत पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उत्थान हेतु पं. गोविंद बल्लभ पंत जी का अतुलनीय योगदान चिरस्मरणीय है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने शिष्टाचार भेंट की।

# काली नदी का जलस्तर बढ़ने के कई मकान चपेट में, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू



संवाददाता

पिथौरागढ। काली नदी का जलस्तर बढने से कई मकान उसकी चपेट में आ गये। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चला एक महिला का शव बरामद किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: पौने चार बजे पर पिथौरागढ़ कंट्रोल रूम द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई धारचूला में काली नदी का जलस्तर बढ़ने से ब्यास नगर खटोली गाँव में आसपास के कई मकान इसकी जद में आ गए है। पानी की चपेट में आये मकान में एक महिला के होने की आशंका भी जताई गई। उक्त सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल हेतु रवाना हुई व घटनास्थल पर पहुँचकर देखा गया कि काली नदी का पानी नदी से लगे घरों में घुस गया। जिसमे 12 से 14 लोगो के घर पानी में डूब गये है। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा घटनास्थल पर सर्चिंग करते हुए डूबी हुई महिला पशुपति देवी उम्र -65 वर्ष पत्नी मान बहादुर का शव बरामद कर सिविल पुलिस के सुपर्द किया।

# चोरों ने अध्यापक के घर पर बोला धावा

## ●लाखों के जेवरात व नगदी पर किया हाथ साफ

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने अध्यापक के घर पर धावा बोलकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच का अश्वासन देकर थाने से चलता किया।

शहर में जहां एक ओर चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है वहीं पुलिस भी चोरों को पकडने के लिए हर सम्भव प्रयास में लगी है। रायपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मानक विहार निवासी शिव कुमार चकराता ब्लाक के स्कूल में अध्यापक है। उन्होंने आज रायपुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह परिवार के साथ छह सितम्बर को अपने पैतृक गांव सहारनपुर अपने चाचा की तेरहवीं में गया था। आज जब वह वापस आये तो उन्होंने देखा कि उनके मकान का दरवाजा टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा था। उसने बताया कि घर के अन्दर अलमारी व दो बडे बाक्सों के ताले टूटे हुए थे। चोर उनके यहां से दो सोने के कंगन, एक गले का सोने का सेट, दो सोने की अंगूठी, एक जोडी सोने के टाप्स, कुण्डल एक जोडी



सोने के, चार सोने की नोजपीन, चांदी की पायल, व पचास हजार रूपये नगद चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने तहरीर पर मोहर मारकर शिवकुमार को जांच का आश्वासन देकर थाने से चलता किया। जबकि अधिकारियों के आदेश है कि जो कोई भी तहरीर लेकर आये उसका मुकदमा तुरन्त दर्ज किया जाये लेकिन इस मामले में अभी तक ऐसा देखने को नहीं मिला है।

# एटीएम से चोरी का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एटीएम में तोडफोड कर चोरी का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु पंवार शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक सहस्त्रध ारा रोड देहरादून व मयंक पंत शाखा प्रबंधक केनरा बैंक सहस्त्रधारा रोड देहरादून ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ वा चोरी का प्रयास दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चोरी नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश एवं खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन क्षेत्राधिकारी नेहरु कालोनी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना रायपुर द्वारा तत्काल उक्त घटना के खुलासे हेतु टीम गठित कर गठित टीम को थाना क्षेत्र में रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया जिससे पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। पुलिस टीम ने आर्मी गर्ल्स हॉस्टल शिवगंगा एनक्लेव वाली रोड तपोवन रोड से रोहित पुत्र सुरवीर सिंह निवासी खेरी मान सिंह मालदेवता थाना रायपुर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से एक पेचकस बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# तुंगनाथ दर्शन हेतु गए श्रद्धालु का हुआ स्वास्थ्य खराब, एक की मौत

संवाददाता

रूद्रप्रयाग। तुंगनाथ मन्दिर में दर्शन को गये दो श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य बिगडने से एक की मौत हो गयी। एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच एक को बचाया।

मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस देर रात्रि एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि जनपद रुद्रप्रयाग में श्री तुंगनाथ दर्शन हेतु गए श्रद्धालु का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब हो गया है जिसे वापिस नीचे लाने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त सूचना पर पोस्ट अगस्त्यमुनि से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम बिना समय गँवाये मय आवश्यक उपकरणों के तत्काल मोके के लिए रवाना हुए। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम घनघोर अंधेरे व विषम मौसम की परवाह न करते हुए वाहन से चोपता पहुँचा गया जहाँ से लगभग 3-4 किमी पैदल रास्ता



तय कर रात्रि में ही तुंगनाथ पहुँची।

मौके पर देखा गया एक व्यक्ति जो ठंड लगने से अत्यधिक बीमार हो गया था। रेस्क्यू टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को पास के होटल में ले जाया गया जहाँ उसे पीने के लिए गर्म पानी व सोने के लिए बिस्तर दिया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर एक और युवक था जिसकी ठंड लगने व स्वास्थ्य अत्यधिक खराब होने से वही पर मृत्यु हो गयी थी। अत्यधिक बरसात व मौसम की स्थिति खराब होने के कारण रात्रि में पीड़ित को लेकर नीचे आना संभव नही था इसलिए मौसम के सामान्य होने पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा प्रात: उन्हें नीचे लाया जा रहा है। बिमार व्यक्ति का नाम लक्ष्मीनारायण पुत्र रामदत्ता निवासी वृदांवन है।



## एक नजर

# भ्रष्टाचारी कोई भी हो, उसकी सात पीढ़ी की कमाई जब्त करेंगे: योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते पांच सालों में जैसे माफिया राज का खात्मा कर प्रदेश को दंगामुक्त बनाया गया है, अब उसी तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम शुरू होगी। भ्रष्टाचारी कोई भी हो, जीरो टॉलरेंस के साथ उसकी सात पीढ़ियों की इकट्ठा की गई संपत्ति का अधिग्रहण किया जाएगा और उसका उपयोग गरीबों के हित में होगा। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनता से मुखातिब थे। जौनपुर जिले के लिए 258 करोड़ की 116 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की भ्रष्टाचारपोषी नीतियों का राजफाश भी किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार 2017 के पहले की सरकारों के जीन में शामिल था। तब अपने ठेकेदारों और गुर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार योजनाएं बनाती थी। हर काम का दाम पहले से तय होता था। सत्तापोषित भ्रष्टाचार का यह रैकेट घुन की तरह पूरे प्रदेश की व्यवस्था को खोखला कर रहा था, जिसका खमियाजा पूरे प्रदेश को भुगतना पड़ता था। लेकिन आज परीक्षाएं हों या नियुक्तियां, सबमें शुचिता और पारदर्शिता है।



# तख्त श्री हरमिंदर जी के अध्यक्ष का निधन देश और समाज के लिए बड़ी क्षति: नड्डा

नई दिल्ली। बिहार में तख्त श्री पटना साहिब कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार अवतार सिंह हित नहीं रहे। उन्होंने राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित आवास में अंतिम सांस ली। उनके निधन के बारे में पता चलते ही सिख समुदाय के अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, राजनेता भी शोक प्रकट कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और नेता अवतार सिंह हित के निधन पर ट्वीट कर दुख जताया। नड्डा ने कहा, उनका निधन देश और समाज के लिए बड़ा नुकसान है और यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति भी है। बता दें कि, अवतार सिंह शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता भी थे, जो कि राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन में रहते थे। वर्ष 2010 में ये नगर इंगम पश्चिमी जोन के चेयरमैन थे। ये मायापुरी वार्ड के निगम पार्षद थे। अवतार सिंह हित अकाली दल के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। उनके निधन पर अकाली दल में भी शोक की लहर दौड़ गई है। डॉक्टरों के मुताबिक, अवतार सिंह का निधन शनिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से हुआ।



# कोलकाता में कारोबारी के घर ईडी की रेड में 7 करोड़ कैश बरामद

कोलकाता। कोलकाता के गार्डनरीच इलाके में प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक यहां एक कारोबारी के घर पर ईडी ने छापा मारा है। इस दौरान 7 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। साथ ही नोट गिनने के लिए तीन मशीनें लगाई गई हैं। ईडी की टीम ने कोलकाता में 6 जगहों पर रेड की कार्रवाई की है। प्रवर्तन निदेशालय ने मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के केस में शनिवार को राजधानी कोलकाता में करीब 6 जगहों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। आरोप है कि आमिर खान नाम के एक व्यक्ति ने ई-नगेट्स नाम से एक मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन लॉन्च किया था। इसे लोगों को धोखा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। इसके जरिए उपयोगकर्ताओं का विश्वास जीता। इसके बाद लोगों ने एप के जरिए बड़ी मात्रा में इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया। लोगों से अच्छी खासी रकम वसूलने के बाद अचानक एप से किसी बहाने से निकासी रोक दी गई। इसके बाद एप्लीकेशन की प्रोफाइल सहित पूरे डाटा को सर्वर से मिटा दिया गया। उसके बाद कस्टमर्स को पूरा खेल समझ में आया।



# धारचूला में बादल फटा, खोतिला गांव में भारी तबाही






विशेष संवाददाता

पिथौरागढ़। बीती रात भारत-नेपाल सीमा पर बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इस घटना में पांच नेपाली नागरिकों के मरने और एक भारतीय महिला की मौत होने की खबर है। वहीं धारचूला क्षेत्र के खोतिला गांव के काली नदी प्रवाह में आने से कई घरों के तबाह होने और वाहनों के मलबे में दब जाने से भारी नुकसान हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात भारत-नेपाल सीमा पर यह बादल फटने की घटना हुई। बताया जा रहा है कि बादल नेपाल की सीमा में फटा लेकिन इससे महा काली नदी में आए सैलाब ने धारचूला के खोतिला गांव में भारी तबाही मचाई। नदी के तेज प्रवाह में कई घर ताश के पत्तों की तरह नदी में समा गए और दर्जनों कार व दोपहिया वाहन मलबे में दब गए। रात के अंधेरे में आई इस आफत से खोतिला गांव में हाहाकार मच गया। इस घटना में प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नेपाल में 5 लोगों के मरने और खोतिला गांव की एक महिला की मौत होने की खबर है।

**❑कई मकान काली नदी के प्रवाह में बहे**

**❑दर्जनों वाहन मलबे में दबे, महिला की मौत**

क्षेत्रवासियों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर सुबह एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची तथा राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा मोबाइल में खींची गई तस्वीरें घटना की भयावहता को बयां करती है लेकिन इस घटना में कितना जान माल का नुकसान हुआ है इसका अभी ठीक-ठाक पता नहीं चल सका है। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं। इस घटना में गांव के 30 घरों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। गांव के जलमग्न हुए घरों से सभी को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है वहीं शासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में हॉलिकॉप्टर को रेस्क्यू कार्य में लगाया गया है। महाकाली का जलस्तर कम होने पर ही पता चल सकेगा कि इस आपदा में कितना नुकसान हुआ है लापता एक महिला का शव बरामद कर लिया गया है जबकि कुछ लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। उधर केदारघाटी में भारी बारिश से नुकसान की खबरें हैं उखीमठ से चोपता को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया जिससे केदार धाम जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

# पं. गोविन्द बल्लभ पंत का पहाड़ के प्रति विशेष लगाव था: धामी




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी. सभागार में भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत जी के 135वें जन्मदिन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पं. गोविन्द बल्लभ पंत के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत जी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी एवं कुशल प्रशासक थे। उन्होंने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगार प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई। देश की आजादी से पूर्व एवं देश की आजादी के बाद भी उन्होंने देश सेवा के लिए जो कार्य किये, वे सभी कार्य हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत जी का पहाड़ के प्रति विशेष लगाव था। जीवन में तमाम समस्याओं के बावजूद भी वे अपने कर्तव्य पथ से कभी पीछे नहीं हटे। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारत के गृह मंत्री के महत्वपूर्ण दायित्व उनके पास रहे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड के ऐसे महान सपूत से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड युवा राज्य है। 2025 में हम उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना की रजत जयंती मनायेंगे। तब तक उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में हो, इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। हमें विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत जी ने देश की आजादी के लिए पूरा जीवन खपाया। उन्होंने पहाड़ के विकास एवं संस्कृति के संरक्षण का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभमि के साथ वीरभूमि भी है। पं.गोविंद बल्लभ पंत जैसे क्रांतिकारी इसी देवभूमि में पैदा हुए। डॉ. निशंक ने कहा कि भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत जी ने जो रास्ता दिखाया, उससे प्रेरणा लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। वे देवभूमि उत्तराखण्ड के गौरव एवं सम्मान हैं। उन्होंने कहा आज देश ज्ञान-विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक खजान दास, मैती आन्दोलन के प्रणेता पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, श्रीमती दीप्ति रावत भारद्वाज, राकेश डोभाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बाईक की टक्कर से महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर महिला घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रावत मौहल्ला हुसैनगंज मसूरी निवासी संदीप चौहान ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मां माल रोड पर पैदल जा रही थी तभी पीछे से आ रहे मोटरसाईकिल सवार ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.- 59626/94**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*